
सार-समाचार

## देव भाटिया को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सम्मानित किया



**कोटा,** (निसं)। एलबीएस स्कूल के विशेष योग्यताधारी (स्पेशल चाईल्ड) छात्र देव भाटिया ने राजस्थान बोर्ड की 12वीं कक्षा की परीक्षा में 94.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर एक अनुकरणीय मिसाल पेश की है। उल्लेखनीय है कि देव ने दो विषयों में 100 में से 100 अंक अर्जित किए हैं। इस उपलब्धि पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने देव भाटिया को साफा व माला पहनाकर वह प्रतीक चिन्ह देकर के सम्मानित किया। यह क्षण देव व उनके परिवार ही नहीं, बल्कि पूरे विद्यालय स्टॉफ के लिए गर्व का अवसर बना। संस्था अध्यक्ष कुलदीप माथुर ने जानकारी देते हुए बताया कि देव भाटिया की यह सफलता उनकी कड़ी मेहनत, लगन और सकारात्मक सोच का परिणाम है। विशेष रूप से एक स्पेशल चाईल्ड के रूप में उनकी यह उपलब्धि और भी प्रेरणादायक है। कार्यक्रम के दौरान कोटा दक्षिण के विधायक संदीप शर्मा, शहर जिला अध्यक्ष राकेश जैन व अन्य जन प्रतिनिधि, विद्यालय स्टॉफ, शिक्षकगण व अन्य विद्यार्थियों ने भी देव की इस असाधारण सफलता पर हर्ष व्यक्त किया। यह सम्मान विद्यार्थी के लिए एक प्रेरणा स्रोत बन गया है।

## ई-लाइब्रेरी एवं पार्किंग के लिए 15 लाख की घोषणा

**झालावाड़,** (निसं)। सांसद दुष्यंत सिंह और जिले के प्रभारी मंत्री ओटाराम देवासी ने शनिवार को अभिभाषक परिषद के साथ बैठक कर झालावाड़ के अधिवक्ताओं के साथ संवाद स्थापित किया। सांसद एवं प्रभारी मंत्री ने इस दौरान अधिवक्ताओं की समस्याओं को सुना एवं समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। इस अवसर पर अभिभाषक परिषद के अध्यक्ष रामबाबू माहेश्वरी एवं पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र तोमर ने झालावाड़ में एनआई कोर्ट, श्रम न्यायालय, कमर्शियल कोर्ट तथा पिड़ावा एवं खानपुर में एसीजेएम कोर्ट की स्थापना की मांग रखी। उन्होंने झालावाड़ में अधिवक्ताओं के लिए 50 चैम्बर, ई लाइब्रेरी तथा वाहन पार्किंग के निर्माण की निर्माण की माँग रखी। इसके साथ ही अधिवक्ताओं के लिए आवासीय कॉलोनी, न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं एवं वादी, परिवादीगणों के लिए शेड निर्माण तथा जिला एवं सेशन न्यायालय में पुलिस चौकी के निर्माण की माँग उठाई। अधिवक्ताओं की मांगों पर जवाब देते हुए सांसद सिंह ने ई लाइब्रेरी के लिए 10 लाख तथा पार्किंग के लिए पांच लाख रुपये की राशि सांसद कोष से देने की घोषणा की। कार्यक्रम में आरपीएससी के पूर्व अध्यक्ष श्याम सुंदर शर्मा, दशरथ जायसवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष हर्षवर्धन शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष संजय ताऊ एवं मंडल अध्यक्ष प्रदीप सिंह राजावत भी मौजूद रहे।

## अवैध देशी शराब सहित गिरफ्तार

**कोटा,** (निसं)। नान्ता पुलिस टीम ने इलाके में गश्त के दौरान मुखबीर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए अवैध देशी शराब के 58 पव्वों सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। नान्ता थाने के उपनिरीक्षक थानाधिकारी नवल किशोर शर्मा ने बताया कि थाने के सहायक उपनिरीक्षक घीसा सिंह मय जाप्ता इलाके में गश्त कर रहे थे। गश्त के दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति पानी की टंकी के पास पत्थरमंडी में अवैध शराब के पव्वे बेच रहा है। थानाधिकारी ने बताया कि उक्त सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मुखबीर द्वारा बताये गये हुलिये के आधार पर मौके पर खड़े व्यक्ति को डिटेन कर नियामानुसार तलाशी ली गई तो उसके पास मिले प्लास्टिक के कट्टें के अंदर 58 अवैध देशी शराब के पव्वे बरामद हुए। थानाधिकारी ने बताया कि पुलिस टीम ने मौके पर आरोपी के कब्जे से मिले अवैध देशी शराब के पव्वों को जप्त कर करणी नगर बरड़ा बस्ती निवासी राजन उर्फ साजन (21) को गिरफ्तार किया है। पकड़े गये आरोपी से अनुसंधान किया जा रहा है।

## अवैध हथियार सहित आरोपी गिरफ्तार

**कोटा,** (निसं)। भीमगंजमंडी पुलिस टीम ने गश्त के दौरान मुखबीर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए अवैध तेज धारदार हथियार छुर्रा सहित आरोपी को गिरफ्तार किया। भीमगंजमंडी थानाधिकारी रामकिशन गोदारा ने बताया कि थाने के सहायक उपनिरीक्षक मोहम्मद रशीद मय जाप्ता इलाके में गश्त कर रहे थे, उसी दौरान पुलिस टीम को मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति किसी वारदात करने की फिराक में शमशान घाट के समीप खड़ा है। थानाधिकारी ने बताया कि उक्त सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मुखबीर द्वारा बताये गये हुलिये के अधार पर मौके पर खड़े व्यक्ति को डिटेन कर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से अवैध तेज धारदार हथियार छुर्रा बरामद हुआ। पुलिस टीम ने मौके पर आर्म्स एक्ट में कार्यवाही करते हुए डडवाड़ा निवासी राजपाल जादौन (22) को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गये आरोपी से अनुसंधान किया जा रहा है।

## संविधान बचाओ रैली को लेकर बैठक

**छबड़ा** (निसं)। नगर व ब्लॉक कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक स्टेशन रोड स्थित सोनी धर्मशाला में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम को जिलाध्यक्ष रामचरण मीणा, पूर्व विधायक पानाचंद मेघवाल, करणसिंह राठौड, पूर्व जिला अध्यक्ष निजामुद्दीन खान, यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष गिरिराज धाकड आदि ने सम्बोधित किया। नगर अध्यक्ष हरीश माहेश्वरी, दीपक त्यागी ने बताया कि यहां वक्ताओ ने कहा कि जिस प्रकार भाजपा सरकार ने संविधान का दुरुपयोग कर संविधान को तोड़ने और अपने हिसाब से जोड़ने का काम कर रही है। इसको लेकर बारां में सोमवार को आयोजित होने वाली संविधान बचाओ रैली में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आव्हान किया। यहां नगर अध्यक्ष हरीष माहेष्वरी, हितेष सोनी, दिग्विजयसिंह गुर्जर एडवोकेट, चिरंजीवलाल भार्गव, रेवती गेरा, गौरीशंकर, नवीन अग्रवाल, फूलसिंह मीणा, मुकेश मीणा, नंदकिशोर लोधा, अजय तेजस्वी, रामदयाल लोधा, दीपक त्यागी, सतीश मालव धाकड, नवीन उपाध्याय, हरि रामपुरिया, शाकिर खान आदि मौजूद थे।

## सफाई प्रभारी हरिओम मेघवाल जिला स्तर पर सम्मानित

**रामगंजमण्डी,** (निसं)। नगर पालिका रामगंजमंडी द्वारा गंगा दशहरा अभियान 5 जून से 20 जून के अन्तर्गत अधिकाधिक वर्षा जल संग्रहण तथा विद्यमान जल स्त्रोतों के रख रखाव एवं स्वच्छता के लिए जल स्वालम्बन पखवाड़ा वन्दे गंगा मनाया गया। अभियान के अंतर्गत नगरपालिका द्वारा श्रमदान एवं सफाई कार्यक्रम रोंसली गांव में स्थित तालाब पर करवाया गया। पौधा रोपण, पक्षियों के लिए परिण्डे, दीपदान, महापुरूषों की प्रतिमा की साफ-सफाई करवाई गई। वन्दे गंगा कार्यक्रम का समापन पालिका व जिला स्तर पर कोटा चंबल रिवर फ्रंट पर आयोजित किया गया। जिसमें वन्दे गंगा कार्यक्रम में उत्कृष कार्य करने और पालिकाध्यक्ष अखिलेश मेड़तवाल द्वारा चलाये जा रहें सफाई महा अभियान की सफलता पर रामगंजमंडी नगरपालिका सफाई प्रभारी हरिओम मेघवाल व सफाई सेवक गौरव घाटोड को प्रशस्ति पत्र देकर जिला स्तर पर सम्मानित किया गया।

## पेंशनर समाज ने सांसद को ज्ञापन दिया

**छबड़ा** (निसं)। पेंशनर समाज द्वारा जनसुविधाओ के मद्देनजर ट्रेनो के संचालन व ठहराव की मांग को लेकर सांसद को ज्ञापन सौंपा। समाज अध्यक्ष हरीष पाठक ने बताया कि छबडा से गुजरने वाली सभी साप्ताहिक ट्रेनों के ठहराव, सुबह 5 बजे से दोपहर 4 बजे के मध्य ट्रेन चलाए जाने, कोरोनाकाल मे बंद हुई कोटा जबलपुर ट्रेन को पुनः चलाए जाने, वर्तमान में चल रही मेमो ट्रेनों में कोच बढ़ाए जाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। यहां रामेष्वर बारबर, ओम पारीक, अनिल अरोड़ा, भगवती शर्मा उपस्थित रहे। यहां सांसद ने आश्वस्त किया कि जल्द ही समस्याओ का समाधान का किया जाएगा।

# योग दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

■ 'योग प्राचीन भारतीय परम्परा का अनूठा उपहार'

**बारां,** (निसं)। योग प्राचीन भारतीय परम्परा का अनूठा उपहार है, यह न केवल आपके शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है बल्कि आपके मानसिक स्वास्थ्य को भी बढ़ावा देता है। योग एक प्राचीन कला है जो मन और शरीर को जोड़ती है। यह विचार स्थानीय राजकीय पालिटेक्निक महाविद्यालय परिसर में केन्द्रीय संचार ब्यूरों कोटा, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर आयोजित विशेष जागरूकता कार्यक्रम में बारां-अटरू विधायक राधेश्याम बैरवा ने व्यक्त किए गए।

इस अवसर पर राजकीय पालिटेक्निक महाविद्यालय बारां के प्रिसिपल डॉ. संजय ववेजा, अंकित मेघवाल, अमृतम शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय की प्रिसिपल डॉ. सुनिता नागर, योग शिक्षक नरेश सुमन आदि उपस्थित थे। राजकीय पालिटेक्निक महाविद्यालय बारां, इजिनियरिंग कालेज बारां तथा अमृतम शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के सहयोग से आयोजित योगाभ्यास जागरूकता कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए विधायक राधेश्याम बैरवा ने कहा कि योग केवल एक व्यायाम नहीं, बल्कि एक जीवनशैली है। यह हमें स्वस्थ, शांत और खुश रहने की दिशा में ले जाता है। उन्होंने कहा कि योग एक व्यायाम है जिसे करके हम अपने शरीर के तत्वों को संतुलित करते हैं। इसके अलावा यह हमें ध्यान लगाने और आराम करने में मदद करता है। इसके अलावा, योग हमें अपने शरीर के साथ-साथ मन पर भी नियंत्रण रखने में मदद करता है।

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सहायक निदेशक रामेश्वर लाल मीणा ने कहा कि आज की तनावपूर्ण दिनचर्या वाले जीवन में योग हमारे लिए वरदान की तरह है। हमें न केवल खुद योग को अपने जीवन में अपनाना चाहिए वरन् अपने परिवार व निकटजनों को भी योग अपनाने के लिए प्रेरित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कपाल भाति, अनुलोम-विलोम,भस्त्रिका, उजाए, भ्रामरी आदि प्राणायाम के द्वारा जीवन को सहज और स्वस्थ बनाया जा सकता। कार्यक्रम में पंतजलि योग समिति बारां के योगाचार्य गौरीनंदन आर्य उपस्थित जन समुदाय को योग व प्राणायाम का अभ्यास कराया।

इस अवसर पर अनेक प्रकार के सूक्ष्म व्यायाम, कपालभाति, अनुलोम विलोम, भ्रामरी व उद्गिथ प्राणायाम, ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, वज्रासन, शवासन सहित अनेक योगासनों का अभ्यास कराया गया। योगाभ्यास के बाद प्रतिभागियों के लिए योग पर आधारित एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। सही उत्तर देने वाले प्रतिभागियों को विभाग की ओर से पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर राजकीय पालिटेक्निक महाविद्यालय, बारां, इंजीनियरिंग कॉलेज, बारां तथा अमृतम शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय का समस्त स्टाफगण एवं विद्यार्थियों ने ने योगाभ्यास कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन और आभार प्रदर्शन ब्यूरो के प्रेम सिंह यादव ने किया।



केन्द्रीय संचार ब्यूरो कोटा द्वारा योग दिवस पर बारां में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## पुरानी पेंशन मिलने तक जारी रहेगा संघर्ष

**कोटा,** (निसं)। वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ के नेतृत्व में 16 जून से 21 जून तक पूरे पश्चिम मध्य रेलवे मे एनपीएस एवं यूपीएस के खिलाफ सघन विरोध सप्ताह चला। वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ के मण्डल सचिव अब्दुल खालिक ने बताया कि इस सप्ताह दिनांक 16 जून से 21 जून तक पूरे पश्चिम मध्य रेलवे मे एनपीएस एवं यूपीएस के खिलाफ सघन विरोध सप्ताह के रूप मे मनाया गया। जिसमे पूरे कोटा मण्डल मे जगह-जगह विरोध प्रदर्शन हुए जहां सैकड़ो की संख्या मे कर्मचारियों ने भाग लिया। हर जगह से कर्मचारियों की एक ही मांग रही कि उन्हे न तो एनपीएस चाहिए न ही उन्हे यूपीएस चाहिए, कर्मचारियों को केवल ओपीएस ही चाहिए। वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ के मण्डल सचिव अब्दुल खालिक ने सभी कर्मचारियों को आश्वासन दिया कि वह कर्मचारियों के साथ इस संघर्ष मे अंत तक खड़े है एवं इस लड़ाई को आखिरी मुकाम तक पहुंचायेंगे। वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ की आने वाली केन्द्रीय कार्यकारिणी बैठक में आगे की रणनीति तैयार की जायेगी।

## शिविर में 21 यूनिट रक्त संग्रहित

**कोटा,** (निसं)। रक्त उत्सव के तहत शहर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें लोगों को समझाईश, पोस्टर विमोचन, जागरुकता कार्यक्रम, नए रक्तदाताओं को प्रेरित कर उन्हें इस अभियान से जोड़ना शामिल रहा।

इस आयोजन के तहत शनिवार को रक्तोत्सव का समापन हुआ और सिंधु हॉस्पिटल एरोड्राम चौराहा पर रक्तदान शिविर का आयोजन सिंधु हॉस्पिटल एवं भारतीय मानवाधिकार एसोसिएशन द्वारा किया गया।

टीम जीवनदाता के संरक्षक व संयोजक भुवनेश गुप्ता ने बताया कि आयोजित रक्तदान शिविर में 21 यूनिट रक्त का संग्रह किया गया। भारतीय मानवाधिकार एसोसिएशन के कुलविंदर सिंह सेक्खो और कई लोगों ने शिविर के दौरान महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## 'योग हमारी प्राचीन सनातन परंपरा का अभिन्न अंग'

**छबड़ा** (निसं)। योग को नई पद्धति नहीं, बल्कि हमारी प्राचीन सनातन परंपरा का अभिन्न अंग है, जिसे ऋषि-मुनियों ने विकसित किया। योग से न केवल गंभीर बीमारियां दूर होती हैं, बल्कि भविष्य में रोग होने की संभावना भी कम होती है। यह उद्गार अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर गायत्री माता मंदिर परिसर में आयोजित उपखंड स्तरीय योग शिविर में अतिथियों ने व्यक्त किए हैं। बारिश के बावजूद भी बड़ी संख्या में पुरूष, महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग सहित जनप्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी आदि ने उत्साह के साथ योग किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडीएम रामसिंह गुर्जर थे। अध्यक्षता प्रधान हरिओम नागर ने की तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में पुलिस उपाधीक्षक विकास कुमार, बीसीएमओ डॉ. महेष भूटानी, तहसीलदार यादवेंद्र यादव आदि उपस्थित थे। यहां ब्लॉक आयुष अधिकारी डॉ. देवकरण शर्मा द्वारा अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इसके उपरांत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश का प्रसारण किया गया। जिसमें उन्होंने योग को 'मानवता के लिए वरदान' बताते हुए कहा कि योग न केवल शरीर बल्कि मन, आत्मा और व्यवहार को भी शुद्ध करता है। योग सत्र का संचालन डॉ. चन्द्रभान श्रीवास्तव द्वारा किया गया। योग प्रशिक्षक हरिओम सेन द्वारा प्रोटोकॉल अनुसार प्राणायाम, अनुलोम-विलोम, कपालभाति, भ्रामरी आदि के अभ्यास करवाए। यहां उपस्थित जनसमुदाय में पूर्ण मनोयोग से सहभागिता दिखी और उन्हें दैनिक जीवन में योग को अपनाने का संकल्प लिया।

बारिश के चलते कार्यक्रम कुछ समय के लिए बाधित हुआ। किंतु आयोजन स्थल पर मौजूद लोगों का उत्साह और उमंग सराहनीय रही। इसके पश्चात आर्य समाज मंदिर के बालकों ने उत्कृष्ट योगासन प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विशेष रूप से वृक्षासन, शीर्षासन, नौकासन जैसे जटिल आसनों का संतुलित प्रदर्शन विशेष आकर्षण रहा। इस अवसर पर प्रधान नागर ने योग भी वोट भी का महत्व बताते हुए मतदाताओं से वोट डालने के अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का आव्हान किया तथा एसडीएम गुर्जर द्वारा सभी प्रतिभागियों को योग व मतदान करने का संकल्प दिलाते हुए प्रजातंत्र की परंपरा का निर्वाह करने का आग्रह किया। इसी के साथ थाना परिसर में सीआई राजेश खटाना के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों ने योग किया। आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य अमृतलाल मीणा के आतिथ्य में विद्यालय में योग कार्यक्रम आयोजित हुआ।

# 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य' की थीम पर कोटा में 11 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया

**कोटा,** (निसं)। 11 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कोटा जिले में 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य' की थीम पर उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर जिलास्तरीय मुख्य कार्यक्रम श्रीनाथपुरम स्टेडियम में आयोजित हुआ जिसमें प्रातः बड़ी संख्या में कोटा वासियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के आरंभ में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम से वर्चुअल माध्यम से राष्ट्र को संबोधित किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि वर्ष 2014 में जब भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने का प्रस्ताव रखा था, तब 175 देशों ने भारत का समर्थन किया, जो अपने आप में अभूतपूर्व था। यह मानव कल्याण हेतु वैश्विक सहयोग का प्रतीक है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि योग अब भारत की सीमाओं तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह पूरी दुनिया में एक प्रभावी जीवनशैली का हिस्सा बन चुका है। योग का अर्थ है जुड़ना और मिलना, और आज पूरी दुनिया जिस उत्साह से इसे अपना रही है, वह अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन ब्रेल पद्धति से योग सीखते हैं और अंतरिक्ष यात्री भी योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाते हैं। उन्होंने आंध्रप्रदेश सरकार की भी सराहना की, जिसने योग को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रभावी पहल की है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पावन धरा के साथ-साथ चाहे अंतरिक्ष हो या समुद्र हर जगह योग को अपनाया जा रहा है। यह न केवल तन और मन को स्वस्थ रखता है, बल्कि जीवन में संतुलन भी स्थापित करता है।

श्रीनाथपुरम स्टेडियम में अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा के मुख्य आतिथ्य में दीप प्रज्वलन के उपरांत योगाभ्यास किया गया। श्रीनाथपुरम स्टेडियम में प्रभारी सचिव मंजू राजपाल, जिला कलेक्टर डॉ.रविन्द्र गोस्वामी, पुलिस अधीक्षक (शहर) डॉ. अमृता दुहन, पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सुजीत शंकर, केडीए आयुक्त ऋषभ मंडल, आईएएस प्रशिक्षु आराधना चौहान,अतिरिक्त जिला कलेक्टर सीलिंग कृष्णा शुक्ला, अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रशासन मुकेश चौधरी, अतिरिक्त जिला कलेक्टर शहर अनिल सिंघल, संभागीय नोडल अधिकारी डॉ. रेवती रमण, अतिरिक्त निदेशक मोहनलाल वर्मा, उपनिदेशक आयुर्वेद विभाग डॉ.प्रवीण सिंह मीणा, मुख्य योग प्रशिक्षिका डॉ. हेमलता भाटी, डॉ. संगीता सक्सेना, डॉ.आर.पी. मीणा, व्यापार महासंघ से अशोक महेश्वरी सहित अनेक विभागीय अधिकारी, स्कूली छात्र-छात्राओं ने योगाभ्यास किया।

योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में सहभागियों को विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया गया जिनमें ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्धचक्रासन, त्रिकोणासन, भद्रासन, उष्ट्रासन, वज्रासन, अर्ध-उष्ट्रासन, अर्ध-चक्रासन, भुजंगासन, उत्तान मंडूकासन, वक्रासन, शलभासन, सेतुबंधासन, उत्तानपादासन, पवनमुक्तासन, अर्ध हलासन, मकरासन और शवासन शामिल रहे। सभी आसनों के लाभ, प्रक्रिया और उद्देश्य को विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा सभी उपस्थित जनों को योग संकल्प पाठ करवाया गया। डॉ.रेवती रमन ने बताया जिलेभर में 2577 स्थलों पर एक साथ आयोजित योगाभ्यास में लगभग 3.3 लाख लोगों ने भाग लेकर विश्व योग दिवस को जनआंदोलन का रूप दिया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल क्रियान्वन के लिए केडीए एवं नगर निगम द्वारा विभिन्न व्यवस्थाएं की गई।

कार्यक्रम का संचालन संज्ञा शर्मा द्वारा किया गया। योग दिवस के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण सहयोग देने वाले विभिन्न संस्थानों, संगठनों और अधिकारियों को मौके पर सम्मानित भी किया गया। श्रीनाथपुरम स्टेडियम के अलावा, योग दिवस के उपलक्ष्य में शिवपुरी धाम थेकड़ा, सिटी पार्क (आईएल चौराहा), शिवाजी पार्क बोरखेड़ा, चंबल रिवर फ्रंट, भीतरिया कुण्ड, गणेश उद्यान, चंबल गार्डन, छत्र विलास उद्यान नयापुरा, गोदावरी धाम, किशोर सागर तालाब और सेवन वंडर्स पार्क सहित जिले की सभी पंचायत समितियों व ग्राम पंचायतों में भी बड़े पैमाने पर सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए गए। इनमें ग्रामीण क्षेत्रों में भी विद्यार्थियों, युवाओं, महिलाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और योग के प्रति जागरूकता दिखाई।

सार-समाचार

## कोटा में प्रथम बार 13 साधुओं का वर्षायोग

**कोटा,** (निसं)। धर्मनगरी कोटा में जैन समुदाय के लिए एक ऐतिहासिक अवसर आने वाला है। दिगम्बर जैन मंदिर विज्ञान नगर में आयोजित सकल दिगम्बर जैन समाज की वृहद सभा में गणिनी आर्यिका विभाश्री माता सहित 13 साधुओं के वर्षायोग को भव्यता से मनाने का संकल्प लिया गया है। मंदिर अध्यक्ष राजमल पाटौदी की अध्यक्षता में संपन्न इस महत्वपूर्ण बैठक में बताया गया कि कोटा में यह प्रथम अवसर है जब 13 साधु एक साथ वर्षायोग कर रहे हैं। पाटौदी ने कहा, गणिनी माता जैन परंपरा और विधान की पूर्ण ज्ञाता हैं। उनके प्रवचन और स्वाध्याय से हमें जितना अधिक ज्ञान प्राप्त करना चाहिए। मंदिर के मंत्री अनिल ठोरा ने बताया कि विभाश्री माता मंडाना-जगपुरा होते हुए 24 जून को आरकेपुरम पहुंचेंगी और इसके पश्चात कोटा के उपनगरों में प्रवेश करेंगी। 10 जुलाई को विज्ञान नगर मंदिर में वर्षायोग हेतु मंगल प्रवेश संपन्न होगा। सकल समाज के अध्यक्ष प्रकाश बज ने बताया कि इस बार कुल मिलाकर लगभग 21 साधु एक साथ कोटा में चातुर्मास कर रहे हैं, जो संपूर्ण सकल दिगंबर जैन समाज के लिए अत्यंत हर्ष का विषय है। तलवंडी के अध्यक्ष आशोक पहाड़िया ने जानकारी दी कि माता के सानिध्य में अष्टान्हिका पर्व 3 से 9 जुलाई के मध्य धूमधाम से मनाया जाएगा। यह पर्व जैन समुदाय के लिए अत्यंत पवित्र और महत्वपूर्ण माना जाता है। संरक्षक विनोद टोरणी ने समुदाय से अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक साधु की सेवा तन, मन और धन से करनी चाहिए। इस पावन अवसर पर सभी श्रद्धालुओं से सहयोग की अपेक्षा की गई है।

## डीआरएम सहित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने योगाभ्यास किया

**कोटा,** (निसं)। पश्चिम मध्य रेलवे के कोटा रेल मंडल में 21 जून को 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में मंडल रेल प्रबंधक अनिल कालरा के मार्गदर्शन में योगाभ्यास शिविर का आयोजन किया गया। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर कोटा मंडल के अंतर्गत सभी छोटे-बड़े स्टेशनों पर सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मुख्यतः कोटा में मेनाल अधिकारी क्लब में योग गुरू शकुन्तला नागर एवं शैलेश गुप्ता के निर्देशन में योग शिविर का आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त कोटा वर्कशॉप, विद्युत लोको शेड तुगलकाबाद, मंडल रेलवे चिकित्सालय कोटा, उपमंडलीय चिकित्सालय गंगापुर सिटी, हेल्थ यूनिट तुगलकाबाद, रेल विकास निगम लिमिटेड सहित अन्य सभी स्टेशन एवं कार्यालय में योगाभ्यास शिविर का आयोजन किया गया। योग प्रशिक्षक द्वारा योग एवं विभिन्न आसनों से होने वाले लाभ तथा उसका आमजीवन में महत्व बताते हुए योग अभ्यास कराया गया। साथ ही योग दिवस पर मंडल में आयोजित विविध प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को डीआरएम ने पुरस्कृत किया। डीआरएम अनिल कालरा ने अपने उदबोधन में रेल अधिकारियों एवं कर्मचारियों को योगाभ्यास न केवल योग दिवस पर बल्कि प्रतिदिन नियमित रूप से अपनाने को कहा।

## पांच पाटागोह (गोयली) व बाइक जब्त

**छबड़ा** (निसं)। वन विभाग की टीम ने अवैध षिकार पर कार्रवाई करते हुए पांच पाटागोह (गोयली) व बाईक को जब्त किया। आरोपी बाईक छोडकर भाग निकलने में सफल रहे। क्षेत्रीय वन अधिकारी भारत राठौड ने बताया कि सूचना मिलने के बाद कटिखंडी रोड पर वह मय टीम के साथ पहुंचे तो दो लोग एक मोटरसाइकिल पर आ रहे थे। बीच में एक कुत्ता बैठा हुआ था। मोटरसाइकिल चलाने वाले व्यक्ति के आगे एक कट्टा रखा हुआ था। संदेह होने पर बाईक रूकवाई तो व्यक्ति मौका पाकर भाग छूटे। कट्टे को खोलकर देखा तो उसमें 5 पाटा गोह थे। इस पर मौके पर इन्हे व बाईक को जब्त कर रेंज में लाकर वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया हैं। कार्रवाई में जितेन्द्र सहरिया वनपाल, अरविन्द चौधरी वनरक्षक मौजूद रहे।

## प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान किया

**छबड़ा** (निसं)। मां कर्मा देवी उत्थान सेवा समिति के तत्वावधान में साहू समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया। प्रदेश महासचिव बलराम साहू ने बताया कि युवा प्रदेशाध्यक्ष दिलीप साहू, प्रदेश सचिव रामनरेश साहू और जिलाध्यक्ष नरेश साहू के आतिथ्य में कक्षा 10वीं व 12वीं में 70 प्रतिषत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियो का सम्मान किया। यहां प्रदेश संगठन मंत्री जगमोहन, झालावाड जिलाध्यक्ष मोहनलाल, पूर्व अध्यक्ष मनोहरथाना विजय, युवामंडल अध्यक्ष पवन, उपाध्यक्ष राजू, जिला प्रचारक रामस्वरूप, जिला सचिव केशव, जिला युवा महासचिव नेमीचंद, युवा महामंत्री हेमराज, जितेंद्र, कार्यकर्ता रमेश, मुरारी, परमानंद, राजू, विजेंद्र, गोरधन, अनिल, बाबूलाल, कन्हैयालाल, नवनीत, सुगनचंद आदि मौजूद रहे।

# सिन्धु संस्कृति के संस्कार, सेवा समर कैम्प का रंगारंग शुभारंभ

**कोटा,** (निसं)। विगत 36 वर्षों से सिन्धी संस्कृति, साहित्य, संस्कार व सामाजिक सेवा के लिए कोटा में कार्यरत संस्था सिन्धु सोशल सर्किल की ओर से सिन्धु महिला सर्किल के साथ तीन दिवसीय सिन्धु संस्कृति, संस्कार, सेवा समर कैम्प का आयोजन बोरखेड़ा के आस्था नगर के सिन्धी सनातन मंदिर स्थित लीला मां के दरबार में साईं सुरेश स्वामी के सान्निध्य में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ प्रारम्भ हो गया।

अध्यक्ष विमल परियानी ने बताया कि तीनों दिन प्रश्नोत्तरी होगी, शनिवार को 10 विजेताओं को पुरुस्कृत किया गया। सचिव किशन रतनानी ने बताया कि तीनों दिन सिन्धी व्यंजन प्रतियोगिता होगी, 10 प्रतिभागियों ने अलग अलग 18 व्यंजन प्रस्तुत किए। सिन्धु महिला सर्किल की पूर्व संरक्षक पूनम रतनानी और अध्यक्ष नीतू वनवानी ने पहले दिन निर्णायक के रूप में सिन्धी व्यंजनों का मूल्यांकन किया।

सिन्धु चिकित्सालय के अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. विनय ग्वालानी ने कहा कि वजन पर नियंत्रण, खान-पान का ध्यान और रोज टहलना, धूप सेंकना किया जाए तो उम्र के साथ होने वाले अस्थि रोगों से बचाव किया जा सकता है।





कोटा में सिन्धु संस्कृति के संस्कार, सेवा समर कैम्प शुरू हो गया है।

कार्यक्रम में संरक्षक राजकुमार खूबचंदानी, अध्यक्ष विमल परियानी, सचिव किशन रतनानी, सांस्कृतिक सचिव प्रेम संतवानी, कोषाध्यक्ष मनोहर दयानी, मीडिया सलाहकार प्रकाश वीर नाथानी, सलाहकार विनोद अजवानी, बोरखेड़ा पंचायत के अध्यक्ष नरेश लखवानी, कार्यकारिणी सदस्य संतोष करमचंदानी, सिन्धु महिला सर्किल की सलाहकार भागवंती खूबचंदानी, सचिव निर्मला आहूजा, सिन्धु महिला सर्किल की पूर्व संरक्षक पूनम रतनानी और अध्यक्ष नीतू वनवानी, जया रामचंदानी, मीना दयानी, रीटा अजवानी, रेणु चंचलानी ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। भागवंती खूबचंदानी और निर्मला आहूजा ने योगा व ध्यान का प्रशिक्षण दिया व झूलेलाल का भजन गाया।

समर कैम्प में मधुमेह रोग विशेषज्ञ डॉ.जी.डी. रामचंदानी, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. सुरेश छाबड़ा, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ भारती छाबड़ा, कोटा मेडिकल कॉलेज के फिजियोथेरेपी विभागाध्यक्ष डॉ. हर्ष.एम.राजदीप विशेषज्ञ वार्ता देंगे।

## बैठक का समापन

**छीपाबड़ौद** (निसं)। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मूलचंद शर्मा के नेतृत्व में आगामी 23 जून को जिला मुख्यालय पर आयोजित होने वाली संविधान बचाओ रेली की तैयारियों को लेकर कांग्रेस कार्यालय पर एक बैठक आयोजन की गई।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूखण्ड नं. 538-ए, श्रीनाथपुरम-ए कोटा का आवंटन पत्र सं. 688 तारीखी 23.04.93 UIT, Kota द्वारा सुरेश्वर सिंह के पक्ष में जारी किया गया कहीं खो गया है। मिल नहीं रहा है। यदि किसी सज्जन को मिला हो या मिले तो मुझे उपलब्ध करवा दें तथा दस्तावेज देने की रसीद प्राप्त कर ले।
दिनांक: 20.6.2025

भवदीय
राजेश यादव, एडवोकेट

**नगर विकास न्यास, कोटा**

क्रमांक:-109 विज्ञप्ति दिनांक:- 10.6.24

कार्यालय नगर विकास न्यास द्वारा मोहनलाल सुखाडिया अफोर्डेबल आवासीय योजना (जी+3) में आर्थिक दृष्टि से कमजोर आय वर्ग में सामान्य कोटे से वरियता संख्या-45 (General) का आवंटन क्रमांक एफ11/नविन्या/लॉटरी/390 दिनांक 24.11.2012 का लॉटरी द्वारा श्री अमजद अली पुत्र श्री सलामत अली को आवंटित किया गया था। आवंटी की मृत्यु दिनांक 10.08.2019 को हो गई है। मृत्यु के उपरांत आवंटी के पत्नी श्रीमती सैय्यद रेशमा बेगम पत्नी स्व. श्री अमजद अली ने शपथ पत्र, आई-डी., राशन कार्ड एवं मृत्यु प्रमाण पत्र के साथ उक्त आवास के नाम हस्तान्तरण हेतु आवेदन किया है।

अतः प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर मोहनलाल सुखाडिया (जी+3) में आर्थिक दृष्टि से कमजोर आय वर्ग में सामान्य कोटे से वरियता संख्या-45 (General) का नाम हस्तान्तरण श्रीमती सैय्यद रेशमा बेगम पत्नी स्व. श्री अमजद अली के नाम किये जाने की स्वीकृति प्रदान की जाती है। नियम व शर्ते पूर्ववत रहेगी।

उपसचिव नगर विकास न्यास कोटा